आयुक्तालय कालेज शिक्षा, राजस्थान

क्रमांक :ए फ.7(4) अकाद / अकाशि / ऑनलाइन / 2021–22 / 1859 दिनांक : 07/06/2021

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
(विधि, राजस्थान संगीत संस्थान, राजस्थान स्कूल ऑफ आटर्स के अतिरिक्त)
राजस्थान

विषयः सत्र 2021–22 में समस्त राजकीय महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के सम्बन्ध में।

आप सबके सतत सहयोग से राजकीय महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया सफलता पूर्वक सम्पन्न की जा रही है। सत्र 2021–22 में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में समस्त प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने महाविद्यालय में ऑन लाईन प्रवेश की रूपरेखा तैयार कर इसे सफलता पूर्वक लागू करने की कार्ययोजना बना लें।

महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के लिए हर सत्र की भांति निम्न कार्यवाही अपेक्षित है:–

1. महाविद्यालय के दो ऐसे संकाय सदस्यों को नोडल अधिकारी (ऑनलाइन प्रवेश–स्नातक) एवं नोडल अधिकारी (ऑनलाइन प्रवेश–स्नातकोत्तर) के रूप में नामित करना जिन्हें क्रमशः स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रवेश की सम्पूर्ण प्रवेश प्रक्रिया एवं सूचना प्रौद्योगिकी की सामान्य जानकारी हो।
2. महाविद्यालय के उक्त नोडल अधिकारी ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के लिए आयुक्तालय से समन्वयक के रूप में कार्य करेंगे। वे आयुक्तालय द्वारा समय–समय पर देय प्रशिक्षण प्राप्त कर महाविद्यालय में कार्यरत प्रवेश समितियों को इस प्रक्रिया की अद्यतन जानकारी उपलब्ध करवायेंगे एवं आवश्यकतानुसार उन्हें प्रशिक्षित भी करेंगे। साथ ही आयुक्तालय के लिए सम्पूर्ण प्रवेश प्रक्रिया के दौरान एकल सम्पर्क सूत्र के रूप में कार्य करेंगे।
3. महाविद्यालय के समस्त स्नातक पार्ट प्रथम (कला एवं वाणिज्य संकाय में प्रति वर्ग 100 व विज्ञान संकाय में 88 विद्यार्थियों के आधार पर) एवं स्नातकोत्तर पूर्वाद्ध पाठयक्रमों में प्रवेश हेतु कुल उपलब्ध सीटों की संख्या प्रवेश नीति के अनुसार आरक्षित सीटों का विवरण, ऐच्छिक व अनिवार्य विषयों का विवरण, महाविद्यालय में उपलब्ध विषय समूह, फीस एवं बैंक विवरण आदि की सूचना प्राचार्य व प्रवेश समिति से अनुमोदन उपरांत ऑनलाइन प्रवेश माड्यूल में निर्धारित तिथि तक अपडेट / अपलोड करना।
4. महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर ऑनलाइन प्रवेश हेतु सतत् इंटरनेट कनेक्टिविटी, कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्केनर व पावर बैकअप आदि की पर्याप्त व्यवस्था करना।
5. प्राचार्य, नोडल अधिकारी, स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के सभी संकायों के संयोजकों व सह–संयोजकों के नाम, ई–मेल, मोबाइल नम्बर व एस.एस.ओ. आईडी व महाविद्यालय के दूरभाष नंबर की सूचना आयुक्तालय को संबंधित स्प्रेडशीट में **समय पर** प्रेषित करना।
6. ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 2021–22 के प्रारंभ होने से पूर्व https://hte.rajasthan.gov.in/ पर महाविद्यालय के समस्त वेबपेजेज को अपडेट करना। प्रवेश से संबंधित विवरिणिका, फीस संरचना, ऐच्छिक विषय, विषय संयोजन, उपलब्ध सीटों की संख्या, हेल्प डेस्क, नोडल अधिकारी, प्रवेश प्रभारी आदि के नाम व मोबाइल नंबर आदि महाविद्यालय के एडमिशन पेज पर अपडेट करना।

उपरोक्त वर्णित वांछित सूचनाएं (यथा प्राचार्य की सूचना, नोडल आफिसर UG/PG की सूचना, संकाय संयोजकों की सूचना, कम्प्यूटर संसाधनों एवं इंटरनेट की सूचना, बैंक एकाउन्ट डिटेल की सूचना) आपके महाविद्यालय की gmail पर **"ADMISSION 2021-22"** नाम से प्रेषित Spreadsheet में दिनांक 12 जून, 2021 तक भरना सुनिश्चित करें।

ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के क्रियान्वयन में होने वाली संभावित शंकाओं के संबंध में आयुक्तालय के ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के नोडल अधिकारी डां. संदीप कुमार, 9829066259 या श्री बनफूल अग्रवाल 0141–2706106 से कार्यालय समय में दूरभाष या ई–मेल dce.oap@gmail.com पर संपर्क किया जा सकता है।

ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया अति महत्वपूर्ण व समयबद्ध प्रक्रिया है। इसमें किसी प्रकार की कोताही न बरतें।

07/06/2021

(संदेश नायक, IAS)
आयुक्त कॉलेज शिक्षा

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, माननीय मंत्री, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, आयुक्त, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. वेबसाइट प्रभारी, आयुक्तालय कालेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।

07.06.21

संयुक्त निदेशक (अकादमिक)